# सार्वजनिक सूचना

## वन विभाग हिमाचल प्रदेश में वन रक्षकों की अनुबन्ध आधार पर भर्ती –2021

### ग्रेट हिमालयन नैशनल पार्क वृत शमशी (कुल्लू) हि0 प्र0 ।

हिमाचल प्रदेश वन विभाग के ग्रेट हिमालयन नैशनल पार्क वृत शमशी, जिला कुल्लू वन रक्षकों के कुल 05 पदों को सीधी भर्ती द्वारा भरा जाना प्रस्तावित है । इन पदों को सरकार द्वारा अनुमोदित भर्ती एंव पदोन्नति नियम के तहत अनुबन्ध आधार पर (on contract basis) पर (वितनमान रू0 (5910-20200+GP 2000) भरा जाना है । अनुबन्ध आधार पर प्रारम्भ में एक वर्ष के लिए भर्ती की जाएगी तथा जिसका वर्षानुवर्ष नवीनीकरण / अवधि विस्तार वर्ष के दौरान सन्तोषजनक सेवा और आचरण सम्बन्धित अरण्यपाल द्वारा प्रमाणित करने के उपरान्त किया जाएगा । यह भर्ती खुली है व वृत स्तर पर भरी जानी है ।

***ग्रेट हिमानयन नेशनल पार्क वृत शमशी के 05 पदों का श्रेणीवार ब्यौरा निम्नलिखित है :-***

| क्रम संख्या | श्रेणी | अनारक्षित | भूतपूर्व सैनिक | कुल योग |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सामान्य | 02 | 01 | **03** |
| 2. | अन्य पिछड़ी जाति (OBC) | 01 | 0 | **01** |
| 3. | अनुसूचित जाति | 01 | 0 | **01** |
| | कुल योग | **04** | **01** | **05** |

**नोट :-** भूतपर्व सैनिक (Ex-Serviceman) श्रेणी के अर्न्तगत उपरोक्त वन रक्षकों की अनुबन्ध आधार पर भर्ती भूतपूर्व सैनिक सैल हमीरपुर द्वारा की जाएगी । तथा इस सम्ब्न्ध में सम्बन्धित विभाग से अलग से पत्राचार किया जा रहा है ।

## 1. पात्रता की शर्ते एंव योग्यतायें :-

1. अभ्यार्थी का भारतीय नागरिक होना आवश्यक है ।
2. आवेदक का नाम हिमाचल प्रदेश के किसी भी रोजगार/ उपरोजगार कार्यालय में दर्ज होना अनिवार्य है व प्रार्थी का रोजगार पंजीकरण काड़ आवेदन की तिथि पर वैद्य (नवीनकृत) होना अनिवार्य है ।
3. आवदेक की आयु **01 जनवरी 2021 को 18 वर्ष से कम और 30 वर्ष** से अधिक नहीं होनी चाहिए ।

**नोट :- अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति / अन्य पिछड़ी जाति के उम्मीदवारों के लिए नियमानुसार अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट होगी ।**

4. आवेदक ने किसी मान्यता प्राप्त शिक्षा बोर्ड/ विश्वविद्यालय से दस जमा दो (10+2) या इसके सम्तुल्य की परीक्षा उतीर्ण की होनी चाहिए ।

5. उम्मीदवार को हिमाचल प्रदेश की रूढ़ियों, रीतियों और बोलियों का ज्ञान होना चाहिए और प्रदेश में विद्यामान विशिष्ट दशाओं में नियुक्ति के लिए उपयुक्त होना चाहिए ।

**II. न्यूनतम शारीरिक मापदन्ड ।**

| मापदण्ड | पुरूष | | महिला | | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|
| लम्बाई | 165 सेंटीमीटर | | 150 सेंटीमीटर | | अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों को लम्बाई (कद) में 5 सै.मी. तक की छूट दी जाएगी । |
| छाती का माप | बिना फुलाकर 79 सै.मी. | फुलाकर 84 सै.मी | बिना फुलाकर 74 सै.मी. | फुलाकर 79 सै.मी | अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों को छाती के माप में बिना फुलाए और फुलाकर 4 सै.मी. की छूट दी जाएगी |

**भर्ती प्रकिया:**

1. जो उम्मीदवार उपरोक्त न्यूनतम शारीरिक मापदण्ड पूरे करते होगें, वे ही शारीरिक दक्षता परीक्षण के योग्य होगें, उसके उपरान्त उन्हें ही शारीरिक दक्षता परीक्षण में उतीर्ण होना अनिवार्य होगा ।

**शारीरिक दक्षता परीक्षण (Physical Efficieny Test) हेतु माप दण्ड :–**

| मद | पुरूष | | महिला | | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|
| दौड़ | दूरी | अधिकतम समय | दूरी | अधिकतम समय | (Only qualifying) इनमें केवल एक ही अवसर दिया जाएगा । |
| | 100 मी. | 14 सैकेण्ड् | 100 मी. | 17 सैकेण्ड् | |
| | 800 मी. | 2 मिनट 45 सै. | 800 मी. | 4 मिनट 15 सै. | |
| उंचीकूद (High Jump) | 1.25 मीटर | | 1 मीटर | | उंचीकूद एंव लंबी छलांग के लिए उम्मीदवार को अधिकतम तीन अवसर दिए जाएंगें । |
| लंबी छलांग (Long Jump) | 4 मीटर | | 3 मीटर | | |

2. जो उम्मीदवार शारीरिक दक्षता के सभी परीक्षणों में उतीर्ण होंगें, केवल उन्हें ही लिखित परीक्षा (**Written Test**) में बैठने का अवसर प्रदान किया जाएगा । लिखित परीक्षा की तिथि एंव स्थान बारे उन्हें शारीरिक दक्षता परीक्षण के तुरन्त बाद सूचित किया जाएगा । लिखित परीक्षा राज्य के समस्त वन वृतों में एक ही दिन संचालित की जाएगी ।
3. लिखित परीक्षा में 85 Objective Type प्रश्न होंगे जिनके उत्तर हेतु 75 मिनट का समय दिया जाएगा । यह परीक्षा दस जमा दो (10+2) कक्षा के स्तर का equivalent

standard का होगा और इसमें भाषा, सामान्य विज्ञान व गणित, वन, पर्यावरण एंव वन्य प्राणियों की सामान्य जानकारी, सामान्य ज्ञान, तर्क– वितर्क एंव योग्यता तथा reasoning and aptitude) इत्यादि प्रश्न शामिल होगें । उतर–पुस्तिका पर इस्तेमाल करने हेतु प्रार्थी को नीली / काली स्याही का बाल पैन व लिखने के लिए गत्ता लाना अनिवार्य होगा ।

4. लिखित परीक्षा के परिणामों पर आधरित योग्यता सूचि (Merit List) के अनुसार उम्मीदवारों को मूल्यांकन हेतु बुलाया जाएगा, जिस बारे उन्हें अलग से सूचित किया जाएगा ।

5. लिखित परीक्षा तथा मूल्यांकन के लिए निर्धारित अधिकतम अंको का विवरण निम्लिखित है :–

| परीक्षण | निर्धारित अंक |
|---|---|
| लिखित परीक्षा | 85 |
| मूल्यांकन परीक्षण ** | 15 |
| योग | 100 |

** **मुल्याकंन परीक्षण निम्न आधार पर किया जाएगा ।**

| | | |
|---|---|---|
| (i) | भर्ती और पदोन्नति नियमों में विहित न्यूनतम शैक्षिक अर्हता हेतु वरीयता । (शैक्षिक अर्हता में प्राप्तांकों की प्रतिशतता 0.025 से गुणा की जाएगी । उदाहरणार्थ, किसी व्यक्ति ने अपेक्षित शैक्षिक अर्हता में 50 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं, जो उसे 1.25 अंक (50 x 0.025 =1.25) अनुज्ञात किए जाएंगे ) | अधिकतम 2.5 अंक |
| (ii) | यथास्थिति, अधिसूचित पिछड़े क्षेत्र या पंचायत से सम्बन्धित । | 01 अंक |
| (iii) | भूमिहीन परिवार / ऐसा परिवार जिनकी भूमि 1 हैक्टयर से कम हो (प्रमाण पत्र सम्बन्धित राजस्व अधिकारी प्रमाणित किया जाएगा) । | 01 अंक |
| (iv) | बेरोजगार प्रमाण पत्र कि, अभ्यार्थी के परिवार का कोई भी सदस्य किसी भी सरकारी एंव अर्द्ध–सरकारी नौकरी में नहीं है । | 01 अंक |
| (v) | एन0एस0एस0 (कम से कम एक वर्ष)/ एन.सी.सी. में प्रमाण–पत्र धारक/ भारत स्काउट एंव गाइड/ राष्ट्रीय स्तर की खेल स्पर्धाओं में पदक विजेता । | 01 अंक |
| (vi) | सरकार द्वारा समय–समय पर यथाविहित 40,000/– से कम (समस्त स्त्रोतों से) वार्षिक आय वाला वी0पी0एल0 परिवार। | 02 अंक |
| (vii) | विधवा / तलाकशुद्वा / अंकिंचन/ एकल महिला। | 01 अंक |
| (viii) | इकलौति पुत्री / अनाथ | 01 अंक |
| (ix) | किसी मान्यता प्राप्त सम्बन्धित विश्वविद्यालय / संस्था से आवेदित पद से सम्बन्धित कम से कम छह मास की अवधि का प्रशिक्षण । | 01 अंक |
| (x) | सरकारी/ अर्धसरकारी सगंठन में आवेदित पद से सम्बन्धित अधिकतम पांच वर्ष तक का अनुभव (प्रत्येक पूर्ण किए गए वर्ष के लिए 0.5 अंक) । | अधिकतम 2.5 अंक |

**आवेदकों के लिए निर्देश :**

I. इच्छुक उम्मीदवार केवल वन विभाग की बैबसाईट पर आनलाईन आवेदन कर सकता है । वन विभाग की यू0आर0एल0 (Uniform Resource Locater) यह है– www.hpforest.nic.in. आनलाईन आवेदन के लिए विभागीय बैबसाइट दिनांक 06.07.2021 से 19.08.2021 तक ही खुली होगी ।

II. आनलाईन प्रपत्र को आवेदक अपने आयु, शैक्षिक अहर्ता, अनुसूचित जाति व अनुसूचित जन जाति तथा पिछड़ा वर्ग (सामान्य वर्ग के अतिरिक्त), आई0 आर0 डी0 पी0 प्रमाण पत्रों, रोजगार कार्यालय पंजीकरण कार्ड इत्यादि को भली भान्ति पढ़ कर सुनिश्चित करें । आवेदन प्रपत्र में दिए गए/ भरे गए प्रमाण पत्रों की जांच शारीरिक दक्षता परीक्षण के दिन की जाएगी । अतः प्रत्येक प्रमाण पत्र की एक–2 छायाप्रति का सैट जॉँच अधिकरी को दिया जाएगा तथा जॉँच करने के उपरान्त यदि ठीक पाए जाएगे तभी शारीरिक दक्षता परीक्षण हेतू उम्मीदवार को मान्यता दी जाएगी । आवेदक को अपने साथ आनलाईन डाउनलौड किया गया Admit Card भी साथ लाना होगा । बिना Admit Card के उम्मीदवार मान्य नहीं होगा ।

III. आवेदक को शारीरिक दक्षता परीक्षा के समय निम्नलिखत दस्तावेज मूलरूप में अपने साथ लाना आवश्यक है ।

क) दसंवी कक्षा का प्रमाण पत्र, दस जमा दो (10+2) का प्रमाण पत्र व अन्य शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र यदि कोई हो।

ख) अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग व स्वतन्त्रता सैनानियों के बच्चों/ पौत्र/पौत्री/ आई0 आर0 डी0 पी0 / अन्तयोदय व आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यार्थियों का नवीनतम प्रमाण पत्र ।

ग) एन0एस0एस0/ एन0सी0सी0/ खेल अन्य पाठ्य सहायक क्रियाओं में भाग लेने इत्यादि से सम्बन्धित प्रमाण पत्र ।

घ) हिमाचल प्रदेश के किसी भी रोजगार कार्यालय में अपना नाम दर्ज होने का प्रमाण पत्र (Employment Registration Card) तथा नवीनतम पासपोर्ट साईज फोटो की 2 प्रतियॉँ अपने साथ अवश्य जाएं ।

ड.) शारीरिक मापदण्ड़ तथा शारीरिक दक्षता परीक्षण की तिथि एंव स्थान के बारे आवेदकों का आनलाईन सूचित किया जाएगा ।

च) यदि कोई आवेदक शारीरिक जॉँच, शारीरिक दक्षता परीक्षण, लिखित परीक्षा व मूल्याकंन परीक्षण के लिए निर्धारित तिथि, समय एवंम स्थान पर उपस्थित नहीं होता है तो उसकी उम्मीदवारी रद्द समझी जाएगी ।

छ) उम्मीदवार अन्य विस्तृत जानकारी हेतु हिमाचल प्रदेश की website hpforest.nic.in. से या वन वृत कार्यालय ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क शमशी जिला कुल्लू से किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय में व्यक्तिगत रूप से अथता दूरभाष नं0 01902–265320 या 01902–266483 पर प्राप्त कर सकते हैं ।

**नोटः** हिमाचल प्रदेश सरकार बिना कारण बताये व बिना शर्त इस चयन प्रक्रिया को समाप्त करने तथा पदों की संख्या में बदलाव का अधिकार रखती है । पदों की संख्या सरकार के निर्देशानुसार बढाई या घटाई जा सकती है ।

3/7/21

मुख्य अरण्यपाल,
ग्रेट हिमालयन नैशनल पार्क शमशी,
कुल्लू । दूरभाष नं0 01902-265320